# CBSE
# JA

## Previous Year Paper
**20 Apr, 2025**

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - I / भाग - I

### General Knowledge, Current Affairs & General Awareness about the Environment / सामान्य ज्ञान, सामयिक मामले तथा पर्यावरणीय सामान्य जागरुकता

1. Which Film maker was honoured with Satyajit Ray Lifetime Achievement Award at 55th International Film Festival of India 2024 ?

(1) Wong Kar-Wai (2) Krzysztof Zanussi
(3) Phillip Noyce (4) Martin Scorsese

भारत में आयोजित 55 वां अन्तरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव 2024 में निम्नलिखित में से किस फिल्म निर्माता को सत्यजीत रे आजीवन उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

(1) वाँग कर-वाई (2) क्रिज्स्टॉफ जैनुसी
(3) फिलिप नोयसे (4) मार्टीन स्कोर्सेसे

2. Among the following tennis players who was inducted into Tennis Hall of Fame under the player category in 2024 ?

(1) Leander Paes (2) Mahesh Bhupathi
(3) Sania Mirza (4) Ramanathan Krishnan

वर्ष 2024 में, खिलाड़ियों की श्रेणी में निम्नलिखित में से किस टेनिस खिलाड़ी को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया ?

(1) लिएण्डर पेस (2) महेश भूपति
(3) सानिया मिर्जा (4) रामानाथन कृष्णन

3. Which institution in India was established in 1993, in confirmity with the Paris Principles ?

(1) The Comptroller and Auditor General of India.
(2) National Human Rights Commission.
(3) National Commisssion for Protection of Child Rights.
(4) The National Commission for Women.

भारत की किस संस्था की स्थापना वर्ष 1993 में पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप हुई थी ?

(1) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक
(2) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
(3) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग
(4) राष्ट्रीय महिला आयोग

4. The Reserve Bank of India has served as the Central Bank for which of the following countries in the past ?

(1) Burma (2) Nepal (3) Sri Lanka (4) Afghanistan

विगत वर्षों में, भारतीय रिजर्व बैंक ने निम्नलिखित में से किस देश के केन्द्रीय बैंक (सेंट्रल बैंक) के रूप में कार्य किया है ?

(1) बर्मा (2) नेपाल (3) श्रीलंका (4) अफगानिस्तान

Adda247 GET IT ON Google Play

The Central Institute of Educational Technology is a constituent unit of ________.
(1) National Council of Educational Research and Training (NCERT)
(2) Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS)
(3) University Grant Commission (UGC)
(4) All India Council for Technical Education (AICTE)

केन्द्रीय शैक्षणिक प्रौद्योगिकी संस्थान निम्नलिखित में से किसकी अंगीभूत इकाई है?
(1) राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एन सी ई आर टी)
(2) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (के वी एस)
(3) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी)
(4) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए आई सी टी ई)

6. Data from which two Indian States was **not** directly fed into UDISE + Portal of DOSE & L for the UDISE + Report, 2023-24 ?
(1) Kerala and Tamil Nadu (2) Orissa and Tamil Nadu
(3) Tamil Nadu and West Bengal (4) Kerala and West Bengal

यू डी आई एस ई + रिपोर्ट, 2023-24 के निमित्त निम्नलिखित में से भारत के किन दो राज्यों के दत्त (आंकड़ें) डी ओ एस ई एण्ड एल के यू डी आई एस ई + पोर्टल में प्रत्यक्षत: प्रविष्ट **नहीं** किए गए?
(1) केरल और तमिलनाडु (2) उड़ीसा और तमिलनाडु
(3) तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (4) केरल और पश्चिम बंगाल

7. Consider the following statements :
(A) Campos is a type of Temperate Grassland.
(B) Campos is found in Brazil.
Choose the **correct** answer from the codes below :
(1) Both (A) and (B) are correct. (2) Neither (A) nor (B) is correct.
(3) Only (A) is correct. (4) Only (B) is correct.

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) कम्पास शीतोष्ण घास-भूमि (ग्रासलैंड) का एक प्रकार है।
(B) कम्पास ब्राजील में पाया जाता है।
नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :
(1) (A) और (B) दोनों सही हैं। (2) न तो (A) न (B) सही है।
(3) केवल (A) सही है। (4) केवल (B) सही है।

8. Among the following, which country has assumed the Presidency of G20 group of countries for the period December 2024 to November 2025 ?
(1) Mexico (2) South Africa (3) India (4) Brazil

निम्नलिखित में से किस देश को दिसम्बर 2024 से नवम्बर 2025 तक की समयावधि के लिए जी-20 देशों की अध्यक्षता प्राप्त हुई है?
(1) मेक्सिको (2) दक्षिण अफ्रीका (3) भारत (4) ब्राजील

Adda247 GET IT ON Google Play

9. The Fifth General Election in India was held in 1971. When was the Sixth General Election held ?
भारत में पाँचवां आम चुनाव वर्ष 1971 में हुआ था। छठा आम चुनाव निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुआ था ?
(1) 1977 (2) 1978 (3) 1975 (4) 1976

10. UN Framework convention on climate change (COP 21) is also known as ________.
(1) The Paris Climate Change Conference
(2) AR6 Climate Change 2021
(3) The Earth Summit
(4) The Rio Conference
जलवायु परिवर्तन संबंधी संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (कॉप 21) को निम्नलिखित में से किस नाम से भी जाना जाता है ?
(1) पेरिस जलवायु परिवर्तन सम्मेलन
(2) एआर6 जलवायु परिवर्तन, 2021
(3) पृथ्वी शिखर सम्मेलन (अर्थ सम्मिट)
(4) रियो सम्मेलन (द रियो कॉंफ्रेंस)

11. Who among the following was awarded Kirti Chakra, the second highest peacetime gallantry award on the eve of the 76th Republic Day of India, 2025 ?
(1) Vijayan Kutty G (Posthumous) (2) Major Manjit
(3) Subedar Mohan Ram (4) Captain Deepak Singh (Posthumous)
वर्ष 2025 में, भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर निम्नलिखित में से किसे द्वितीय सर्वोच्च शांति शौर्य पुरस्कार, कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया ?
(1) विजयन कुट्टी जी (मरणोपरांत) (2) मेजर मंजीत
(3) सूबेदार मोहन राम (4) कैप्टन दीपक सिंह (मरणोपरांत)

12. Which country elected the World's first woman Prime Minister in the 20th century ?
(1) Sri Lanka (2) New Zealand (3) England (4) Germany
20 वीं सदी में समस्त विश्व में निम्नलिखित में से किस देश में सर्वप्रथम किसी महिला को प्रधान मंत्री के रूप में निर्वाचित किया गया ?
(1) श्रीलंका (2) न्यूजीलैंड (3) इंग्लैंड (4) जर्मनी

13. Who among the following is the author of 'Main Jab Tak Aai Bahar,' a poetry collection in Hindi language which was awarded Sahitya Akademi Award 2024 in Hindi language ?
(1) Gagan Gill (2) Madan Kashyap
(3) Jitendra Bhatia (4) Mamta Kalia
हिन्दी भाषा में, वर्ष 2024 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हिन्दी भाषा के पद्य संग्रह 'मैं जब तक आई बाहर' की लेखिका/लेखक निम्नलिखित में से कौन है ?
(1) गगन गिल (2) मदन कश्यप
(3) जीतेन्द्र भाटिया (4) ममता कालिया

Adda247 GET IT ON Google Play

14. In January 2025, the Niti Aayog published the inaugural issue of the Fiscal Health Index Report. Which is the top ranking state as per the latest figures provided for the Financial Year 2023, according to the report ?
(1) Odisha (2) Maharashtra (3) Gujarat (4) Jharkhand
जनवरी, 2025 में नीति आयोग ने पहला राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट (फिस्कल हेल्थ इंडेक्स रिपोर्ट) प्रकाशित किया। इस रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023 के प्रदत्त अद्यतन आंकड़ों के आधार पर बताएं कि भारत का कौन सा राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के मामले में शीर्षस्थ रैंक पर है?
(1) ओडिशा (2) महाराष्ट्र (3) गुजरात (4) झारखण्ड

15. In January 2025, the World Meteorological Organisation hosted the launch event for which of the following ?
(1) International Year for conservation of Arctic animals
(2) 'Clean Air for Blue Skies' World Forum
(3) World Ocean Festival
(4) International Year of Glaciers' Preservation
जनवरी, 2025 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम का शुभारंभ किया?
(1) अन्तरराष्ट्रीय आर्कटिक जन्तु संरक्षण वर्ष (इंटरनेशनल इयर फॉर कंजर्वेशन ऑफ ऑर्कटिक एनिमल्स)
(2) 'नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु' विश्व मंच ('क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज' वर्ल्ड फोरम)
(3) विश्व महासागर समाहोरोत्सव (वर्ल्ड ओसियन फेस्टिवल)
(4) अन्तरराष्ट्रीय हिमानी परिरक्षण वर्ष (इंटरनेशनल इयर ऑफ ग्लेशियर्स प्रिजर्वेशन)

16. The Mound-Burial System of the Ahom Dynasty from Assam, which was inscribed on the UNESCO World Heritage List in 2024, is called ________.
(1) Vav (2) Shavadhan (3) Moidams (4) Pattadakkal
असम के अहोम वंश की टिब्बा-दफन प्रणाली (माउंड बेरियल सिस्टम) जिसे वर्ष 2024 में यूनेस्को की वैश्विक धरोहर की सूची में उत्कीर्णित किया गया, ________ कहलाती है।
(1) वाव (2) शवाधान (3) मोईडैम (4) पत्तड्क्काल

17. Which of the following was recognized as a classical language in India in 2024 ?
(1) Bodo (2) Assamese (3) Awadhi (4) Gujarati
वर्ष 2024 में निम्नलिखित में से किस भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई?
(1) बोडो (2) असमिया (3) अवधी (4) गुजराती

18. What is the theme of the 2025 United Nations International Year of Cooperatives ?
(1) 'Cooperatives build prosperity for all'
(2) 'Cooperatives for a just society and safer planet'
(3) 'Cooperatives Build a Better World'
(4) 'Cooperatives for Sustainable Development'
वर्ष 2025 संयुक्त राष्ट्र अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का कथ्य निम्नलिखित में से क्या है?
(1) 'सहकारिता से सभी के लिए समृद्धि आती है' (कोऑपरेटिव्स बिल्ड प्रॉस्पेरिटी फॉर ऑल)
(2) 'न्याय सम्मत समाज और सुरक्षित ग्रह के लिए सहकारिता' (कोऑपरेटिव्स फॉर अ जस्ट सोसायटी एण्ड सेफर प्लैनेट)
(3) 'सहकारिता से बेहतर जगत का निर्माण होता है' (कोऑपरेटिव्स बिल्ड अ बेटर वर्ल्ड)
(4) 'संधारणीय विकास के लिए सहकारिता' (कोऑपरेटिव्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट)

Adda247 GET IT ON Google Play

19. Which of the following is/are the example(s) of permanent wind in India ?
(a) Trade winds (b) Westerlies (c) Loo
Choose the **correct** answer from the codes below :
(1) only (a) and (b) are correct. (2) only (a) and (c) are correct.
(3) only (a) is correct. (4) only (b) is correct.
निम्नलिखित में से भारत में स्थायी पवन का/के उदाहरण क्या है/हैं ?
(a) व्यापारिक पवन (ट्रेड विंड्स) (b) वेस्टरलाइज (पश्चिमी हवाएँ) (c) लू
नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :
(1) केवल (a) और (b) सही हैं। (2) केवल (a) और (c) सही हैं।
(3) केवल (a) सही है। (4) केवल (b) सही है।

20. Who was the winner of Wimbledon 2024 men's singles final ?
(1) Casper Ruud (2) Novak Djokovic
(3) Carlos Alcaraz (4) Alexander Zverev
विम्बल्डन, 2024 पुरुष-एकल के विजेता निम्नलिखित में से कौन थे ?
(1) कैस्पर रूड (2) नोवाक जोकोविक
(3) कार्लोस अल्कारज (4) अलेक्जेण्डर ज्वेरेव

21. Which team won the 2024-25 Vijay Hazare Trophy ?
(1) Saurashtra (2) Delhi (3) Karnataka (4) Vidarbha
वर्ष 2024-25 के विजय हजारे ट्रॉफी की विजेता टीम निम्नलिखित में से कौन सी है ?
(1) सौराष्ट्र (2) दिल्ली (3) कर्नाटक (4) विदर्भ

22. Among the following which was the cheapest currency in the world at the end of 2024 ?
(1) Iranian Rial (2) Ugandan Shilling
(3) Vietnamese Dong (4) Indonesian Rupiah
वर्ष 2024 के वर्षांत में विश्व की सबसे सस्ती मुद्रा निम्नलिखित में से क्या थी ?
(1) ईरान की रियाल (2) यूगाण्डा की शिलिंग
(3) वियतनाम की डांग (4) इंडोनेशियाई रूपिया

23. Which of the following is a vernacular name for the National Aquatic Animal of India ?
(1) Susu (2) Varal (3) Viraal (4) Morul
भारत के राष्ट्रीय जलीय पशु का देशज (स्थानीय) नाम क्या है ?
(1) सुसु (2) वराल (3) विराल (4) मोरूल

Adda247 GET IT ON Google Play

24. World's first successful vaccine was created for which disease ?

(1) Diphtheria (2) Rabies (3) Influenza (4) Smallpox

विश्व का पहला सफल टीका निम्नलिखित में से किस रोग के लिए बनाया गया था ?

(1) डिफ्थीरिया (2) रेबीज (3) इंफ्लूएंजा (4) चेचक

25. When was the Constitution of India amended for the first time ?

भारत के संविधान में पहली बार कब संशोधन किया गया ?

(1) 1954 (2) 1956 (3) 1950 (4) 1951

26. Consider the following statements :

(A) Scientists organize galaxies based on their shapes and physical features.

(B) Milky way is a type of Lenticular Galaxy.

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Both (A) and (B) are correct. (2) Neither (A) nor (B) is correct.

(3) Only (A) is correct. (4) Only (B) is correct.

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) वैज्ञानिक आकार और भौतिक विशेषताओं के आधार पर आकाशगंगा को विन्यसित करते हैं।

(B) मिल्की वे लेंसनुमा आकाशगंगा का प्ररूप है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं। (2) न तो (A) न (B) सही है।

(3) केवल (A) सही है। (4) केवल (B) सही है।

27. Which two Indian cities are the first ones to join the global list of Wetland accredited cities under the Ramsar convention ?

(1) Jaipur and Udaipur (2) Hyderabad and Srinagar

(3) Indore and Udaipur (4) Udaipur and Bhopal

रामसर अभिसमय के अन्तर्गत आर्द्रभूमि प्रत्यायित शहरों की वैश्विक सूची में पहली बार शामिल होने वाले भारत के दो शहर निम्नलिखित में से कौन से हैं ?

(1) जयपुर और उदयपुर (2) हैदराबाद और श्रीनगर

(3) इंदौर और उदयपुर (4) उदयपुर और भोपाल

Adda247 GET IT ON Google Play

28. Before January, 1950 Uttar Pradesh was officially known as ________.

(1) Awadh Pradesh
(2) United Provinces
(3) Central Provinces
(4) North West Provinces

जनवरी, 1950 से पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य को शासकीय तौर पर निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था ?

(1) अवध प्रदेश
(2) संयुक्त प्रान्त (यूनाइटेड प्रोविंसेज)
(3) मध्य प्रान्त (सेंट्रल प्रोविंसेज)
(4) उत्तर पश्चिम प्रान्त (नॉर्थ वेस्ट प्रोविंसेज)

29. Which festival celebrated in Nagaland every year in the month of December is known as the 'Festival of Festivals' ?

(1) Ziro Festival
(2) Boor Boot Festival
(3) Hornbill Festival
(4) Loku Festival

प्रतिवर्ष दिसम्बर माह में नागालैंड में मनाए जाने वाले किस उत्सव को 'उत्सवों का उत्सव' (फेस्टिवल ऑफ फेस्टिवल्स) की संज्ञा दी जाती है ?

(1) जायरो फेस्टिवल
(2) बूर बूट फेस्टिवल
(3) हॉर्नबिल फेस्टिवल
(4) लोकू फेस्टिवल

30. Which of the following statement(s) is/are correct ?

(a) Deen Dayal Upadhyaya was associated with the concept of integral humanism.
(b) C. Rajagopalachari had served as the Chief Minister of the Madras state.
(c) Shyama Prasad Mukherjee was one of the founder members of the Swatantra Party.

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) only (c) is correct.
(2) only (a) and (b) are correct.
(3) only (a) is correct.
(4) only (a) and (c) are correct.

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) दीन दयाल उपाध्याय एकात्म मानवतावाद की अवधारणा से सहयोजित थे।
(b) सी. राज गोपालाचारी ने मद्रास प्रांत के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था।
(c) श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (c) सही है।
(2) केवल (a) और (b) सही हैं।
(3) केवल (a) सही है।
(4) केवल (a) और (c) सही हैं।

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - II / भाग - II

### Reasoning & Mathematical Ability / तार्किक एवं गणितीय क्षमता

31. A mother invites some boys and girls on her son's birthday. The number of boys is 4 less than the number of girls. She gives ₹ 10 to girls and ₹ 20 to boys as a gift. If the amount she spends is ₹ 580, the number of boys are :

एक माँ कुछ लड़के और लड़कियों को अपने पुत्र के जन्मदिन पर बुलाती है। लड़कों की संख्या, लड़कियों की संख्या से 4 कम हैं। वो उपहार में लड़कियों को ₹ 10 और लड़कों को ₹ 20 देती है। यदि वो कुल ₹ 580 खर्च करती है तो लड़कों की संख्या है :

(1) 18 (2) 22 (3) 16 (4) 20

32. Given below are the jumbled letters of a word and their corresponding numbers. Select the combination of numbers so that the letters arranged accordingly will form a meaningful word.

नीचे एक शब्द के अव्यवस्थित अक्षर और उनके समनुरूप संख्याएँ दी गई हैं। उस संख्या-क्रम का चयन करें जिसके अनुसार अक्षरों को व्यवस्थित करने पर अर्थपूर्ण शब्द बन सके।

B E L I R U C P

1 2 3 4 5 6 7 8

(1) 5, 2, 1, 4, 7, 8, 3, 6 (2) 7, 5, 6, 1, 3, 4, 8, 2

(3) 8, 6, 1, 3, 4, 7, 2, 5 (4) 5, 2, 8, 6, 1, 3, 4, 7

33. If $15^{th}$ August 2011 was Monday, what day of the week was on $18^{th}$ September, 2011 ?

(1) Friday (2) Monday (3) Sunday (4) Saturday

यदि 15 अगस्त 2011, को सोमवार था तो 18 सितम्बर 2011 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?

(1) शुक्रवार (2) सोमवार (3) रविवार (4) शनिवार

34. There are six books A, B, C, D, E and F. B, C and E have white covers while the rest have black covers. D and F are new books while the rest are old books. A, C and D are English books while the rest are of Hindi. Which of the following is the black covered new English book ?

A, B, C, D, E और F छह पुस्तकें हैं। B, C और E के सफेद कवर हैं और बाकी पुस्तकों के काले कवर हैं। D और F नई पुस्तकें हैं और बाकी पुरानी पुस्तकें हैं। A, C और D अंग्रेजी की पुस्तकें हैं और बाकी हिन्दी की पुस्तकें हैं। निम्नलिखित में से कौन सी काले कवर की नई अंग्रेजी की पुस्तक हैं ?

(1) F (2) D (3) C (4) A

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

35. Select the option that is related to the third term in the same way as the second term is related to the first term.

उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा पद, पहले पद से संबंधित है।

C P L E : B M G X : : K T S B : __?__

(1) J Q N V (2) J Q M U (3) J Q N U (4) J P N U

36. In a certain code language 'GARDEN' is written as '298317' and 'PRAISE' is written as '689541', then how will 'GRAPES' be written in the same code language ?

यदि किसी कूट भाषा में 'GARDEN' को '298317' लिखा जाता है और 'PRAISE' को '689541' लिखा जाता है तो 'GRAPES' को इसी कूट भाषा में कैसे लिखा जाएगा ?

(1) 289614 (2) 289164 (3) 289514 (4) 298614

37. In a certain code language 'CLOCK' is written as 'ANMEI' and 'RADIO' is written as 'PCBKM', then how will 'GRINDER' be written in the same code language ?

यदि किसी कूट भाषा में 'CLOCK' को 'ANMEI' लिखा जाता है और 'RADIO' को 'PCBKM' लिखा जाता है तो इसी कूट भाषा में 'GRINDER' को कैसे लिखा जाएगा ?

(1) ETGQBGP (2) ETGPBHP (3) ETGPBCP (4) ETGPBGP

38. Find the missing term in the following series :

नीचे दी गई श्रृंखला में लुप्त पद को ज्ञात करें :

W D M, B Y R, G T W, __?__, Q J G

(1) L P B (2) L O B (3) L P C (4) L O C

39. How many numbers are there in the following series which are preceded by an odd number and followed by an even number and are also divisible by 2 and 3 both ?

नीचे दी गई श्रृंखला में ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिसके ठीक पहले विषम संख्या और ठीक बाद सम संख्या है और वे 2 तथा 3 दोनों से विभाजित भी होती हैं ?

6 11 48 9 32 4 3 18 16 5 36 12 13 30 24 27 42 8

(1) 3 (2) 6 (3) 4 (4) 5

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

40. In a row Rahul is at 13th position from the beginning and Raghav is at 18th position from the end, while Ramesh is exactly in the middle of Rahul and Raghav. If there are total of 48 persons in the row, then how many persons are there between Rahul and Ramesh ?

एक पंक्ति में राहुल आरंभ से 13 वें स्थान पर और राघव अंत से 18 वें स्थान पर है, जबकि रमेश, राहुल और राघव के बिल्कुल मध्य में है। यदि उस पंक्ति में कुल 48 व्यक्ति हैं तो राहुल और रमेश के बीच में कितने व्यक्ति हैं ?

(1) 7 (2) 9 (3) 16 (4) 8

41. A clock is so placed that at 12 noon its minute hand points towards North-East. In which direction will its hour hand point at 3 o' clock ?

(1) South-East (2) South-West (3) South (4) East

एक घड़ी को इस प्रकार रखा जाता है कि दोपहर 12 बजे उसकी मिनट की सुई उत्तर-पूर्व दिशा की ओर दर्शाती है। इसकी घण्टे की सुई 3 बजे किस दिशा की ओर दर्शाएगी ?

(1) दक्षिण-पूर्व (2) दक्षिण-पश्चिम (3) दक्षिण (4) पूर्व

42. Starting from a point 'A', Raghav walked 40 m towards North. Then he took a right turn and walked 60 m straight. Then he took a left turn and walked 40 m straight to reach a point 'B'. The shortest distance between point 'A' and 'B' is :

(1) 100 m (2) 80 m (3) 140 m (4) 120 m

बिंदु 'A' से शुरू करते हुए राघव उत्तर की ओर 40 मीटर चलता है। फिर दाएँ मुड़ता है और सीधे 60 मीटर चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 40 मीटर सीधे चलकर बिंदु 'B' तक पहुँचता है। बिंदु 'A' और 'B' के बीच की न्यूनतम दूरी है :

(1) 100 मीटर (2) 80 मीटर (3) 140 मीटर (4) 120 मीटर

43. Four pairs of the words are given, out of which the words of three pairs bear a certain common relationship. Choose the pair in which the words are differently related.

(1) Mountain : Everest (2) Parrot : Bird
(3) Venus : Planet (4) Ganga : River

चार शब्द-युग्म दिए गए हैं जिनमें से तीन एक निश्चित तरीके से समान रूप से संबंधित हैं। निम्न में से उस शब्द-युग्म को चुनिए जिसके शब्द आपस में अन्य के समान संबंधित नहीं है।

(1) पर्वत : एवरेस्ट (2) तोता : पक्षी
(3) शुक्र : ग्रह (4) गंगा : नदी

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

253507704

Adda247 GET IT ON Google Play

44. Given below are three statements followed by two conclusions numbered I and II. Assuming the statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusions logically follow(s) from the statements ?

**Statements :** All villages are cities.

All cities are countries.

No country is state.

**Conclusions :** (I) No city is state.

(II) All villages are countries.

(1) If both **conclusions (I)** and **(II)** follow.
(2) If neither **conclusion (I)** nor **(II)** follows.
(3) If only **conculsion (I)** follows.
(4) If only **conclusion (II)** follows.

नीचे तीन कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय कीजिए कि कौन से/सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों के अनुसार निकलते हैं/निकलता है ?

**कथन :** सभी गाँव शहर हैं।

सभी शहर देश हैं।

कोई भी देश राज्य नहीं है।

**निष्कर्ष (I)** : कोई भी शहर राज्य नहीं है।

**(II)** : सभी गाँव देश हैं।

(1) **निष्कर्ष (I)** और **(II)** दोनों निकलते हैं।
(2) न तो **निष्कर्ष (I)** और न ही **(II)** निकलता है।
(3) केवल **निष्कर्ष (I)** निकलता है।
(4) केवल **निष्कर्ष (II)** निकलता है।

45. Arrange the following words in a logical and meaningful order :

(i) Reader (ii) Author (iii) Editor (iv) Seller (v) Publisher

निम्नलिखित शब्दों को तार्किक एवं अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) पाठक (ii) लेखक (iii) सम्पादक (iv) विक्रेता (v) प्रकाशक

(1) (ii), (iii), (v), (i), (iv)
(2) (ii), (iii), (v), (iv), (i)
(3) (iii), (ii), (i), (v), (iv)
(4) (iii), (ii), (v), (iv), (i)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

46. How many meaningful English words can be formed by using first, third, sixth and eighth letters of the word 'LAMINATE' using each only once ?

'LAMINATE' के पहले, तीसरे, छठे और आठवें अक्षरों को प्रत्येक को एक बार प्रयोग करके अंग्रेजी के कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं ?

(1) 3 (2) 4 (3) 1 (4) 2

47. 'A + B' means 'A is the mother of B',
'A ÷ B' means 'A is the husband of B',
and 'A × B' means 'A is the father of B'.
If P × Q ÷ C + D, then how is 'P' related to 'D' ?

(1) Father (2) Paternal Grandfather
(3) Maternal Grandfather (4) Brother

'A + B' का अर्थ है 'A', 'B' की माता है,
'A ÷ B' का अर्थ है 'A', 'B' का पति है,
और 'A × B' का अर्थ है 'A', 'B' का पिता है।
यदि P × Q ÷ C + D, है तो 'P', 'D' से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) पिता (2) दादा
(3) नाना (4) भाई

48. Pointing towards a boy a man said to a woman, "His mother is the only daughter of your father". How is the woman related to that boy ?

(1) Grandmother (2) Wife (3) Sister (4) Mother

एक लड़के की ओर संकेत करते हुए एक आदमी ने एक महिला से कहा "तुम्हारे पिताजी की इकलौती बेटी इसकी माँ है।" उस महिला का उस लड़के से क्या संबंध है ?

(1) दादी/नानी (2) पत्नी (3) बहन (4) माता

49. Five friends Aditya, Bobby, Chetan, Dev and Raj are sitting on a round table facing outside (not necessarily in the same order). Chetan is sitting second right to Aditya. Bobby is sitting immediate left of Raj and immediate right of Chetan. Who is sitting immediate right to Dev ?

(1) Raj (2) Bobby (3) Aditya (4) Chetan

पाँच मित्र आदित्य, बॉबी, चेतन, देव और राज एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। चेतन, आदित्य के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। बॉबी, राज के निकटतम बाईं ओर और चेतन के निकटतम दाईं ओर बैठा है। देव के निकटतम दाईं ओर कौन बैठा है ?


(1) राज (2) बॉबी (3) आदित्य (4) चेतन

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

50. A set of figures carrying certain numbers is given. The numbers in each set follow a similar pattern. Based on that pattern, find the missing number.

आकृतियों के समूह में कुछ संख्याएँ दी गई हैं। प्रत्येक समूह की संख्याएँ एक पैटर्न का अनुसरण करती हैं। इसी पैटर्न के आधार पर लुप्त संख्या ज्ञात करें।




(1) 59 (2) 48 (3) 32 (4) 12

51. Select the option that is related to the third number in the same way as the second number is related to the first number and the sixth number is related to the fifth number.

उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरी संख्या, पहली संख्या से संबंधित है और छठी संख्या पांचवी संख्या से संबंधित है।

11 : 111 : : 13 : ? : : 19 : 351

(1) 179 (2) 159 (3) 181 (4) 161

52. Find the missing number in the following series :

नीचे दी गई श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात करें :

1, 5, 14, 30, 55, ___?___, 140

(1) 102 (2) 118 (3) 94 (4) 91

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

53. Given below is a question followed by two **Statements** numbered **I** and **II**, each containing some information. You have to decide which of the statements is/are sufficient to answer the question.

The sum of ages of X, Y and Z is 50 years. What is Y's age ?

**Statement I :** Y is 10 years older than X.

**Statement II :** Z is 30 years old.

(1) Both **Statements I** and **II** together are necessary to answer the question.

(2) **Statement I** alone is sufficient to answer the question while **Statement II** alone is not sufficient.

(3) **Statement II** alone is sufficient to answer the question while **Statement I** alone is not sufficient.

(4) Neither **Statement I** alone nor **Statement II** alone is sufficient to answer the question.

नीचे एक प्रश्न के बाद दो **कथन** I और II दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक में कुछ जानकारी दी गई है। आपको यह तय करना है कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है/हैं ?

X, Y और Z की आयु का योग 50 वर्ष है। Y की आयु क्या है ?

**कथन I :** Y, X से 10 वर्ष बड़ा है।

**कथन II :** Z की आयु 30 वर्ष है।

(1) दोनों **कथन** I और II एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

(2) **कथन** I अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि **कथन** II अकेले पर्याप्त नहीं है।

(3) **कथन** II अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि **कथन** I अकेले पर्याप्त नहीं है।

(4) न तो **कथन** I अकेले, न ही **कथन** II अकेले प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है।

54. Three of the following four groups of letters are alike in a certain way and thus form a group. Which is the one that does not belong to the group ?

निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक उस समूह से संबंधित नहीं है ?

(1) C H X (2) W R B (3) G B L (4) P K U

55. If '−' means '÷', '+' means '−', '×' means '+' and '÷' means '×' then,

यदि '−' का अर्थ '÷', '+' का अर्थ '−', '×' का अर्थ '+' और '÷' का अर्थ '×' है तो,

$16 \times 20 - 4 \div 6 + 18 = ?$

(1) 18 (2) 48 (3) 6 (4) 28

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - III / भाग - III

## General Hindi / सामान्य हिन्दी

56. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?
(1) एक फूल की माला दे दो।
(2) अमन ने विवेकपूर्ण निर्णय लिया।
(3) सभी ने बारिश का आनंद लिया।
(4) सूर्य अपनी किरणें चहुँ ओर फैलाता है।

57. "थाली में मिठाई रखी है।"
इस वाक्य के संदर्भ में 'मिठाई' शब्द का बहुवचन रूप है :
(1) मिठाइएँ
(2) मिठाइयाँ
(3) मिठाईं
(4) मिठाइयों

58. सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
'सुपुत्र' शब्द का विलोम शब्द है –
(1) कुपुत्र
(2) कुपात्र
(3) पुत्र
(4) कपूत

59. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा उचित नहीं है?
(1) लेखक – लेखिका
(2) शिष्य – शिष्या
(3) ठाकुर – ठकुराइन
(4) देव – देवरानी

60. निम्नलिखित में से पर्यायवाची शब्दों का कौन-सा समूह उचित है?
(1) सूर्य – सविता, दिनकर, अंशुमन
(2) आग – अनिल, अग्नि, प्रभंजन
(3) वायु – समीर, अनिल, पवन
(4) नाव – नौका, जलयान, तरणी

## PART - IV / भाग - IV

## General English / सामान्य अंग्रेजी

In the following sentences (61 - 63), choose the option in which the given sentence has been correctly changed from Active Voice to Passive Voice or Vice-Versa :

61. The horse was frightened by the explosion.
(1) The explosion frightened the horse.
(2) Was the horse frightened by the explosion ?
(3) The explosion has frightened the horse.
(4) It was the explosion that frightened the horse.

62. Who taught you Tamil ?
(1) You were taught Tamil by whom ?
(2) By who were you taught Tamil ?
(3) Tamil was taught to you by whom ?
(4) By whom were you taught Tamil ?

Adda247 GET IT ON Google Play

63. The scientist made a remarkable discovery in his field of study.
(1) In his field of study, a remarkable discovery was made by the scientist.
(2) A remarkable discovery was made in his field of study by the scientist.
(3) A remarkable discovery has been made in the scientist's field of study.
(4) A remarkable discovery is sure to be made in his field of study by the scientist.

In the given sentences **(64 - 66)**, choose the option which correctly identifies the Part of Speech of the underlined word in each case.

64. The mouse fell <u>into</u> an open canister.
(1) Adverb (2) Preposition (3) Conjunction (4) Adjective

65. <u>Hurrah!</u> we have won the race.
(1) Interjection (2) Adjective (3) Noun (4) Conjunction

66. <u>Swimming</u> has a number of health giving benefits.
(1) Adjective (2) Conjunction (3) Verb (4) Noun

In the following sentences **(67 - 68)**, transform the given sentence as per the directions :

67. He was too late to hear the last speaker. (Remove 'too')
(1) He was so late that he could hear the last speaker.
(2) He was late and could not hear the last speaker.
(3) He was extremely late to hear the last speaker.
(4) He was so late that he could not hear the last speaker.

68. Was he not a villain to do such a deed ? (Change into an Assertive Sentence)
(1) Was he a villain to do such a deed ?
(2) He can't be called a villain for doing such a deed.
(3) He was a villain to do such a deed.
(4) He was not a villain to do such a deed.

In the following questions **(69 - 70)**, choose the option which correctly changes the given sentence from Direct Speech into Indirect Speech.

69. He said to me, 'How is your mother ?'
(1) He asked me how my mother was.
(2) He asked me how was my mother ?
(3) He enquired about the welfare of my mother.
(4) He asked me how was my mother.

70. He said to me, 'I don't believe you at all.'
(1) He said that I did not believe him at all.
(2) He said to me that he does not believe me at all.
(3) He conveyed that he did not believe me at all.
(4) He told me that he did not believe me at all.

Adda247
GET IT ON Google Play

In the following questions (71 - 72), insert the correct word/expression in the given blank :

71. I wish I ________ the richest person in my country.
(1) am (2) were (3) was (4) will be

72. The boss will grant you long leave ________ the rules of the company. 81.
(1) by virtue of (2) because of
(3) according to (4) in accordance with

73. In the following sentence, choose the correct punctuation mark to fill in the given space :

What an eloquent speaker ☐
(1) Colon (2) Mark of exclamation
(3) Mark of interrogation (4) Semicolon 82.

74. In the following question, choose the correct spelling of the given word :
(1) encyclopidea (2) encyklopedia (3) incyclopaedia (4) encyclopaedia

In the following questions (75 - 76), choose the correct meanings of the words given below :

75. man-of-war
(1) a naval ship (2) a fighting soldier
(3) a man participating in a war (4) a war machine

83

76. detrimental
(1) beneficial (2) slippery (3) harmful (4) avoidable

Choose the option that offers the correct meaning of the underlined idiom/phrase :

77. He is ready to <u>dispose of</u> his house at the earliest.
(1) to retain (2) to donate (3) to vacate (4) to sell

78. At an early stage, he <u>made a mark</u> as a musician. 8
(1) disliked being a musician
(2) fared poorly as a musician
(3) became notorious in the music world
(4) became famous as a musician

79. Choose the correct option to fill in the given context :
Can you give me ________ advice on the matter ?
(1) some (2) the (3) a (4) an

80. Choose the option that offers the correct meaning of the underlined expression :

<u>Few persons</u> can keep a secret.
(1) Many persons ... (2) All persons ...
(3) No person ... (4) Not many persons ...

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - V / भाग - V

### Basic Knowledge of Computer Operations / कम्प्यूटर संचालन का बुनियादी ज्ञान

81. Which of the following memory units has the largest storage capacity ?

(1) 1 MB (2) 1 TB (3) 1 GB (4) 1 KB

निम्नलिखित में से किस मेमोरी यूनिट की संग्रह क्षमता सबसे अधिक है ?

(1) 1 एमबी (MB) (2) 1 टीबी (TB) (3) 1 जीबी (GB) (4) 1 केबी (KB)

82. Several computers in a school's computer lab are connected through a switch to share important software, hardware and internet access. What type of network is most likely formed ?

स्कूल के कंप्यूटर लैब में कई कंप्यूटर एक स्विच (switch) के माध्यम से जुड़े हुए हैं ताकि महत्वपूर्ण सॉफ़्टवेयर, हार्डवेयर और इंटरनेट का उपयोग साझा किया जा सके। निम्नलिखित में से कौन से नेटवर्क की सबसे अधिक संभावना है ?

(1) PAN (2) WAN (3) LAN (4) MAN

83. Which of the following is **not** a popular example of a Virtual Assistant ?

निम्नलिखित में से कौन सा एक वर्चुअल असिस्टेंट (Virtual Assistant) का लोकप्रिय उदाहरण **नहीं** है ?

(1) Microsoft Access (2) Samsung Bixby

(3) Apple Siri (4) Amazon Alexa

84. Which of the following is **not** a cloud-based video conferencing and communication platform that allows users to conduct online meetings, webinars and virtual collaborations ?

निम्नलिखित में से कौन सा एक क्लाउड-आधारित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और संचार प्लेटफ़ॉर्म **नहीं** है, जो उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन मीटिंग्स, वेबिनार और वर्चुअल सहयोग करने की अनुमति देता है ?

(1) Teams (2) Zoom (3) Access (4) Meet

85. What does the 's' in the internet protocol 'https' represent ?

इंटरनेट प्रोटोकॉल (internet protocol) 'https' में 's' का क्या मतलब है ?

(1) Smart (2) Structure (3) Safe (4) Secure

Adda247 GET IT ON Google Play

86. Which of the following is an example of a popular web browser developed by Google ?

निम्नलिखित में से कौन सा गूगल (Google) द्वारा विकसित एक लोकप्रिय वेब ब्राउज़र (web brower) का उदाहरण

(1) Google Chrome (2) Google Assistant

(3) Google Meet (4) Google Drive

87. What is the primary use of 'Microsoft OneDrive' ?

'Microsoft OneDrive' का प्रमुख उपयोग क्या है ?

(1) Operating system (2) Programming Language

(3) Anti Virus (4) Cloud storage

88. Which of the following software would you most likely recommend to store the marks obtained students in their annual examinations and perform basic statistical analysis with graphic representations of the data ?

निम्नलिखित में से आप किस सॉफ़्टवेयर की सिफारिश करेंगे ताकि छात्रों के वार्षिक परीक्षा में प्राप्त अंकों को संग्रहित किया सके और डेटा के ग्राफिकल प्रतिनिधित्व के साथ बुनियादी सांख्यिकी विश्लेषण किया जा सके ?

(1) MS PowerPoint (2) MS Word (3) MS Edge (4) MS Excel

89. Which of the following is **not** a popular web search engine ?

निम्नलिखित में से कौन सा एक लोकप्रिय वेब सर्च इंजन **नहीं** है ?

(1) Yahoo (2) Google (3) Bing (4) Find

90. In MS Word, which operation is generally performed using the shortcut key combination Ctrl+C ?

(1) Close (2) Change (3) Cut (4) Copy

MS Word में, निम्नलिखित में से कौन सा कार्य सामान्यतः Ctrl+C शॉर्टकट की (key) संयोजन का उपयोग करके किया जाता है ?

(1) बंद करें (Close) (2) बदलें (Change) (3) कट (Cut) (4) कॉपी (Copy)

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - VI / भाग - VI

### Awareness about School Education, Examination Board & its Administration etc. /

### विद्यालय शिक्षण, बोर्ड परीक्षा एवं इसके प्रशासनिक कार्य के बारे में जानकारी इत्यादि

91. According to Section 6 of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, which of the following is NOT a responsibility of the appropriate government and local authorities in ensuring children's access to elementary education ?

(1) Mandating that the central government set a centralized, uniform definition for the "neighbourhood" for every state and union territory.

(2) Mapping the neighbourhoods or habitations and linking them to specific schools to identify gaps and areas for new school openings.

(3) Providing schools within reasonable reach of all children, taking into account geographical, climatic and developmental variations across regions.

(4) Defining and notifying the "neighbourhood" for each locality to ensure schools are within the defined limits.

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुच्छेद 6 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा बच्चों की प्राथमिक शिक्षा तक पहुँच सुनिश्चित करने में उपयुक्त सरकार और स्थानीय अधिकारियों की जिम्मेदारी **नहीं** है ?

(1) केंद्र सरकार को प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए "पड़ोस" के लिए एक केंद्रीकृत, एक समान परिभाषा निर्धारित करने का आदेश देना।

(2) पड़ोस या आवासों का मानचित्रण करना और उन्हें विशिष्ट स्कूलों से जोड़ना ताकि अंतरालों और नए स्कूल खोलने के क्षेत्रों की पहचान की जा सके।

(3) क्षेत्रों में भौगोलिक, जलवायु और विकासात्मक विविधताओं को ध्यान में रखते हुए, सभी बच्चों की पहुँच के भीतर स्कूल प्रदान करना।

(4) प्रत्येक इलाके के लिए "पड़ोस" को परिभाषित करना और अधिसूचित करना ताकि स्कूल परिभाषित सीमाओं के भीतर हों।

Adda247 GET IT ON Google Play

92. In the National Curriculum Framework for School Education, 2023 why is the focus on 'sportspersonship' and 'avoiding personal comparisons' critical in physical education, and how does this contribute to a positive learning environment for students ?
(1) It ensures that all students are treated equally, regardless of their skill level, by removing any form of skill differentiation in assessments.
(2) It limits opportunities for feedback from peers, focusing only on instructor evaluations to avoid subjective judgement and ensure fairness.
(3) It encourages students to focus on beating others and achieving the highest level of performance in order to motivate peer competition.
(4) It fosters an environment where students concentrate on their personal skill development and improvement, reducing the pressure to compare themselves with others, which in turn enhances self-esteem and motivation.

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा स्कूली शिक्षा, 2023 में, शारीरिक शिक्षा में 'खेलभावना' और 'व्यक्तिगत तुलना से परहेज' पर ध्यान केंद्रित करना क्यों विवेचनात्मक है, और यह छात्रों के लिए सकारात्मक सीखने के वातावरण में कैसे योगदान देता है ?
(1) यह सुनिश्चित करता है कि सभी छात्रों से, उनके कौशल स्तर के अनपेक्ष, समान रूप से व्यवहार किया जाए, मूल्यांकन में किसी भी प्रकार के कौशल भेदभाव को हटाकर।
(2) यह साथियों से प्रतिपुष्टि के अवसरों को सीमित करता है, केवल प्रशिक्षक मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि व्यक्तिपरक निर्णय से बचा जा सके और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।
(3) यह छात्रों को दूसरों को हराने और उच्चतम प्रदर्शन स्तर प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है ताकि सहकर्मी प्रतिस्पर्धा को प्रेरित किया जा सके।
(4) यह एक ऐसा वातावरण बनाता है जहाँ छात्र अपने व्यक्तिगत कौशल विकास और सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हैं, दूसरों के साथ अपनी तुलना करने के दबाव को कम करते हैं, जो बदले में आत्म-सम्मान और प्रेरणा को बढ़ाता है।

93. How does the National Curriculum Framework for Foundational Stage (NCF-FS-2022) describe the importance of "flow-down" from Aims of Education to Learning Outcomes in the curriculum development process ?
(1) The flow-down process eliminates the need for teacher's involvement, as it focuses entirely on the institutional culture and the curriculum developer's vision.
(2) The flow-down process is a method of translating broad educational goals into specific, observable competencies and learning outcomes, ensuring coherence between syllabus, content and pedagogical practices.
(3) The flow-down process ensures that the Learning Outcomes are abstract and theoretical, ensuring that educational goals are broad and not focused on specific, observable results.
(4) The flow-down process aims to achieve educational goals by disregarding curricular goals and focusing only on immediate learning outcomes for short-term achievements.

आधारभूत चरण के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस-2022) में ''शिक्षा के उद्देश्यों से अधिगम परिणामों तक प्रवाह'' की प्रक्रिया को पाठ्यक्रम विकास प्रक्रिया में कैसे महत्वपूर्ण बताया गया है ?
(1) प्रवाह-प्रक्रिया शिक्षकों की भागीदारी की आवश्यकता को समाप्त करती है, क्योंकि यह पूरी तरह से संस्थागत संस्कृति और पाठ्यक्रम निर्माताओं की दृष्टि पर निर्भर करती है।
(2) प्रवाह-प्रक्रिया व्यापक शैक्षिक लक्ष्यों को विशिष्ट, दृष्टिगोचर दक्षताओं और अधिगम परिणामों में अनुवाद करने की एक विधि है, जिससे पाठ्यक्रम, सामग्री और शिक्षण अभ्यासों के बीच सामंजस्य सुनिश्चित किया जा सके।
(3) प्रवाह-प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि अधिगम परिणाम अमूर्त और सैद्धांतिक हों, जिससे शैक्षिक लक्ष्य व्यापक रहें और विशिष्ट, दृष्टिगोचर परिणामों पर केंद्रित न हों।
(4) पाठ्यचर्या लक्ष्यों की उपेक्षा करते हुए और अल्पाब्धि उपलब्धियों के लिए केवल तात्कालिक अधिगम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हुये प्रवाह-प्रक्रिया का उद्देश्य शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

Adda247 GET IT ON Google Play

94. Why does the National Education Policy 2020 propose the creation of separate verticals within the Higher Education Commission of India (HECI) ?
(1) To avoid concentration of power, reduce conflicts of interest and promote accountability through functional separation.
(2) To align higher education qualifications with global accreditation bodies and practices.
(3) To ensure that private higher education institutions can independently determine their fee structures.
(4) To establish a hierarchical system of control for easier implementation of regulations.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारत के उच्च शिक्षा आयोग (एच.ई.सी.आई.) के तहत अलग-अलग खंड बनाने का प्रस्ताव क्यों करती है ?
(1) शक्ति के केंद्रीकरण से बचने, हितों के टकराव को कम करने और कार्यात्मक पृथक्करण के माध्यम से जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए।
(2) उच्च शिक्षा योग्यता को वैश्विक मान्यता निकायों और प्रथाओं के साथ संरेखित करने के लिए।
(3) ताकि निजी उच्च शिक्षण संस्थान अपनी शुल्क संरचना को स्वतंत्र रूप से निर्धारित कर सकें।
(4) नियमों के आसान क्रियान्वयन के लिए एक पदानुक्रमित नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने के लिए।

95. Why is 'Guided Play' considered the most effective method for enhancing skills across all domains of development during early childhood according to the National Curriculum Framework for Foundational Stage (NCF-FS-2022) ?
(1) It includes strict rules and guidelines that ensure children follow a structured learning path.
(2) It is centered on group activities where children learn solely through peer interaction.
(3) It is completely child-directed, allowing for total autonomy in learning and exploration.
(4) Teachers provide active scaffolding while allowing children to lead the activity, focusing on specific learning objectives.

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा आधारभूत स्तर (NCF-FS-2022) के अनुसार, प्रारंभिक बचपन के दौरान सभी विकास क्षेत्रों में कौशल बढ़ाने के लिए 'निर्देशित खेल' को सब से प्रभावी विधि क्यों माना जाता है ?
(1) इसमें सख्त नियम और दिशा निर्देश शामिल होते हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बच्चे एक संरचित अधिगम पथ का पालन करें।
(2) यह समूह गतिविधियों पर केंद्रित है, जहाँ बच्चे केवल सहपाठी अन्त:क्रिया के माध्यम से सीखते हैं।
(3) यह पूरी तरह से बच्चे द्वारा निर्देशित होता है, जिससे उन्हें सीखने और अन्वेषण में पूर्ण स्वायत्तता मिलती है।
(4) शिक्षक सक्रिय रूप से सहारा प्रदान करते हैं, जबकि बच्चे गतिविधि का नेतृत्व करते हैं, विशिष्ट अधिगम उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए।

96. What is the punishment for aggravated sexual assault under 'POCSO' (Protection of Children from Sexual Offences Act) ?
(1) 3 years imprisonment
(2) 10 years imprisonment
(3) 5 years imprisonment
(4) 7 years imprisonment

'पोक्सो' (बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम) के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न के लिए दंड क्या है ?
(1) 3 वर्ष का कारावास
(2) 10 वर्ष का कारावास
(3) 5 वर्ष का कारावास
(4) 7 वर्ष का कारावास

Adda247 GET IT ON Google Play

97. Which of the following is NOT a function of the National Higher Education Regulatory Council (NHERC) as outlined in the National Education Policy 2020 ?
(1) Adjudicating complaints or grievances arising from public disclosures made by Higher Education Institutions (HEIs).
(2) Replacing multiple regulatory agencies to serve as the single-point regulator for Higher Education (excluding medical and legal education).
(3) Monitoring the progress of Institutional Development Plans (IDPs) and providing funding accordingly.
(4) Regulating higher education in a "light but tight" manner to ensure financial probity and good governance.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नियामक परिषद (एन.एच.ई.आर.सी.) का निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य **नहीं** है ?
(1) उच्च शिक्षा संस्थानों (एच.ई.आई.) द्वारा किए गए सार्वजनिक प्रकटीकरणों से उत्पन्न शिकायतों या विवादों का निपटारा करना।
(2) कई नियामक एजेंसियों की जगह लेकर (चिकित्सा और विधि शिक्षा को छोड़कर) उच्च शिक्षा के लिए एकल नियामक के रूप में कार्य करना।
(3) संस्थागत विकास योजनाओं (आई.डी.पी.) की प्रगति की निगरानी करना और तदनुसार धन राशि प्रदान करना।
(4) "हल्का लेकिन सख्त" तरीके से उच्च शिक्षा को विनियमित करना ताकि वित्तीय शुचिता और सुशासन सुनिश्चित किया जा सके।

98. In which year did the Central Board of Secondary Education (CBSE) merge with the Delhi Board of Higher Secondary Education ?
केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) का दिल्ली उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ विलय किस वर्ष हुआ था?
(1) 1972 (2) 1982 (3) 1952 (4) 1962

99. According to Section 8 of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009, which of the following is NOT a duty of the appropriate government ?
(1) Guaranteeing that children receive reimbursement for transportation costs if they live more than 5 Kilometres away from school.
(2) Ensuring that schools provide a good quality education in accordance with prescribed norms and standards.
(3) Ensuring the provision of free and compulsory elementary education in a neighbourhood school.
(4) Monitoring the admission, attendance and completion of elementary education for every child, including children from disadvantaged groups.

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुच्छेद 8 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा समुचित सरकार का कर्तव्य **नहीं** है ?
(1) यदि बच्चे स्कूल से 5 किलोमीटर से अधिक दूर रहते हैं तो उन्हें परिवहन लागत के लिए प्रतिपूर्ति की गारंटी देना।
(2) यह सुनिश्चित करना कि स्कूल विहित मानदंडों और मानकों के अनुसार अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करें।
(3) पड़ोस के स्कूल में नि:शुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का प्रावधान सुनिश्चित करना।
(4) सभी बच्चों, जिनमें वंचित समूहों के बच्चे भी शामिल हैं, के प्रवेश, उपस्थिति और प्राथमिक शिक्षा की पूर्णता की निगरानी करना।

Adda247 GET IT ON Google Play

100. In the National Curriculum Framework for School Education, 2023 how does the concept of "planning and instructions specifically relate to ensuring effective learning outcomes in physical education classes, and which of the following is NOT part of this planning process ?

(1) Developing a comprehensive, long-term strategy that focuses solely on increasing the number of physical activities per week.

(2) Adapting activities to suit the learning levels and capabilities of different students, ensuring an appropriate level of challenge for all participants.

(3) Planning warm-up and cool-down activities to prevent injuries and ensure proper recovery after intense physical activity.

(4) Implementing teacher demonstrations and modelling as part of the lesson plan to ensure effective skill acquisition and understanding of movements.

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा स्कूली शिक्षा, 2023 के लिए शारीरिक शिक्षा की कक्षाओं में प्रभावी सीखने के परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए ''योजना और निर्देश'' की अवधारणा कैसे संबंधित है, और निम्नलिखित में से कौन सा इस योजना प्रक्रिया का हिस्सा **नहीं** है ?

(1) प्रति सप्ताह शारीरिक गतिविधियों की संख्या बढ़ाने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने वाली एक व्यापक, दीर्घकालिक रणनीति विकसित करना।

(2) विभिन्न छात्रों के सीखने के स्तरों और क्षमताओं के अनुरूप गतिविधियों को अनुकूलित करना, सभी प्रतिभागियों के लिए चुनौती का उचित स्तर सुनिश्चित करना।

(3) चोटों को रोकने और तीव्र शारीरिक गतिविधि के बाद उचित रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए वार्म-अप और कूल-डाउन गतिविधियों की योजना बनाना।

(4) प्रभावी कौशल अर्जन और संचलन की समझ सुनिश्चित करने के लिए पाठ योजना के हिस्से के रूप में शिक्षक प्रदर्शन और मॉडलिंग को लागू करना।

- o 0 o -